## जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 23.08.2023 को आहूत बैठक का कार्यवृत।

दिनांक 23.08.2023 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :-

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री अशोक कुमार सिंह | अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी। |
| 3 | श्री जे.के. गुप्ता | अधीक्षण अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि./यां.)उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 4 | श्री सुनील कुमार | जिला विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 5 | श्री जगदीश राम गौतम | जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी। |
| 6 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 7 | श्री सी.पी. सिंह | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 8 | श्री दीपांकर चौधरी | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड (भवन), लो.नि.वि., झाँसी। |
| 9 | श्री राहुल शर्मा | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 10 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ.प्र. जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 11 | श्री राजेश गुप्ता | डिप्टी टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 12 | श्री फैजल सलामत | पी.एम.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री विजय लोखण्डे | डी.जी.एम., एन.सी.सी., झाँसी। |
| 14 | श्री लक्ष्मीनारायण | जी.एम., बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 15 | श्री वाई.एन. तिवारी | प्रोजेक्ट मैनेजर, यूनिप्रो टेक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 16 | श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति | ए.जी.एम., आई.एच.पी., झाँसी। |
| 17 | श्री सुभाष विशनोई | प्रोजेक्ट मैनेजर, दारा इंजीनियरिंग, झाँसी। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की अद्यतन प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

गुलारा, बचावली एवं तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना :- गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित 42 ग्रामों से 42 ग्रामों, बचावली ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित 37 ग्रामों में से 32 ग्रामों तथा एवं तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित 25 ग्रामों में से 25 ग्रामों में क्रमशः 11437 नग, 11549 नग एवं 6725 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। शेष कार्य प्रगति पर है।



Scanned with OKEN Scar

बुढ़ेरा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों से 55 ग्रामों में 26650 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है। शेष कार्य प्रगति पर है।

कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजना में सम्मिलित 74 ग्रामों में से 52 ग्रामों में 29406 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा ही है। शेष कार्य प्रगति पर है, जिन्हें शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजना में सम्मिलित 32 ग्रामों में से 32 ग्रामों में 12752 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से जलापूर्ति की जा ही है। ग्रामों को Verify कराने का कार्य प्रगति पर है, जिसें शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।



बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में से 57 ग्रामों में 15098 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से जलापूर्ति की जा ही है। ग्रामों को Verify कराने का कार्य प्रगति पर है, जिसें शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

इमलौटा एवं बरथरी–टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजना के निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, झाँसी द्वारा विगत माह आहूत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में आश्वस्त की गयी तिथियों पर कार्य पूर्ण न करने व तिथि को आगे बढ़ाये जाने पर रोष व्यक्त करते हुये अनुबन्धित फर्म के जी.एम. श्री लक्ष्मीनारायण को निर्देशित किया गया कि उक्त योजनाओं में प्रत्येक दशा में शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। जिस पर फर्म के जी.एम. द्वारा अवगत कराया गया है कि इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना में 10 सितम्बर, 2023 तक 18 ग्रामों, बरथरी ग्राम समूह

पेयजल योजना में 15 सितम्बर, 2023 तक 06 ग्रामों एवं टेहरका ग्राम समूह पेयल योजना में 15 सितम्बर, 2023 तक 08 ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति अनिवार्य रूप से प्रारम्भ कर दी जायेगी।

जिलाधिकारी, झाँसी द्वारा योजनाओं के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधियों से पूछा गया कि कार्यों हेतु किसी भी विभाग के स्तर पर कोई भी अनापत्ति, निर्माण कार्यों हेतु भूमि इत्यादि की आवश्यकता तो नही है, जिस पर अनुबन्धित फर्मो द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण कार्यों हेतु किसी विभाग द्वारा कोई भी अनापत्ति निर्गत करनी वांछित नही है तथा योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त घटकों हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म एन.सी.सी. द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्र्तत कुछ स्थानों पर अराजक तत्वों द्वारा पाइप लाइन में लगे Scour Valve and Air Valve चोरी कर लिये गये, जिस कारण योजना के कुछ ग्रामो की पेयजल आपूर्ति बाधित हो गयी है, जिस पर अधिशासी अभियन्ता को चोरी हुयी उक्त सामग्री हेतु सम्बन्धित थाने में प्राथमिकि दर्ज कराने हेतु निर्देशित गया है।

दिनांक 13.07.2023 को आहूत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन मिशन के मासिक बैठक में जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा अनुबन्धित फर्मो के प्रतिनिधियों को योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों में स्थित विद्यालयों में सी.एस.आर. मद से बच्चों के बैठने हेतु फर्नीचर बैंच/डेस्क की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किये जाने के उपरान्त भी वर्तमान तक उक्त पर कोई कार्यवाही न होने पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये अनुबन्धित फर्मो के परियोजना प्रबन्धकों को पुनः निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही सी.एस.आर. मद से विद्यालयों में बच्चों के बैठनें हेतु बैंच/डेस्क की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये गये ग्रामों तथा योजनाओं की प्रगति पर प्रकाशन दैनिक समाचार पत्रों में प्रत्येक 15 दिवस में कराना सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं के लाभ की जानकारी आमजनमानस को प्राप्त हो सकें।



अनुबन्धित फर्मो द्वारा योजनानतर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदी/काटी गई सड़को को ससमय पुर्नस्थापित नही कराये जाने पर रोष व्यक्त किया गया एवं ग्राम प्रधान, ग्रामवासियों द्वारा एवं आई.जी.आर.एस.

के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों पर अनुबन्धित फर्मों को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गई सड़कों को पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त प्रेशर टेस्टिंग करते हुये अविलम्ब पुर्नस्थापित/मोटरेबल कराना सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामवासियों को अवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। योजनाओं पर अतिरिक्त श्रमिक एवं मशीनरी लगाते हुये कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये जनपद झाँसी के समस्त 08 विकास खण्डों के प्रत्येक घर को "हर घर जल" से लाभान्वित करते हुये पाईप पेयजल से आच्छादित किया जा सकें।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

अनुमोदित
28/8/23
जिलाधिकारी, झाँसी।
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।**

पत्रांक-2152/M-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत्त/2023/154 दिनाँक 28 अगस्त, 2023

प्रतिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1- मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 लखनऊ।
2- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
3- मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी।
4- सभी सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanner